प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः **211/2025** (अपील सूचना का अधिकार)

Narendra Dangi Add: Village Eklingpura, Post Kaladwas, Tehsil-Girwa, Udaipur

..............अपीलार्थी

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गिर्वा व प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख अनुभाग, उदयपुर

...................प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 04/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329336692881372 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 16.10.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सूचना सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को उपलब्ध कराई गई सूचना अपूर्ण होने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/211/25/1243–44 दिनांक 05.12.2025 तथा ऑनलाईन पत्र क्रमांक 3178181323 दिनांक 05.12.2025 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रत्युत्तर शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख अनुभाग द्वारा जरिये पत्रांक प.9/भू.अ./सू.अ./2025/10193 दिनांक 24.12.2025 से प्रत्युत्तर प्रस्तुत करते हुए न्यायालय को अवगत कराया गया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थी द्वारा दिनांक 16.10.2025 को आरटीआई पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर बिन्दु संख्या 1 से 3 तक सूचना चाही गई थी। प्रार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध में आरटीआई पोर्टल पर ऑनलाईन outward no. 13986647 दिनांक 28.10.2025 से शुल्क जमा कराने हेतु सूचित किया गया। प्रार्थी द्वारा दिनांक 28.10.2025 को ऑनलाईन inward no. 3033279410 से शुल्क कार्यालय में प्राप्त हुआ। प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना आरटीआई पोर्टल पर ऑनलाईन outward no. 4469580528 दिनांक 21.10.2025 से प्रेषित कर दी गई थी। अतः निवेदन है कि जवाब स्वीकार फरमाया जाकर अपील निरस्त कराने का श्रम करावें।

अपीलार्थी द्वारा उपस्थित होकर निवेदन किया कि लोक सूचना अधिकारी द्वारा पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराई जाकर गलत एवं आधी–अधूरी सूचना उपलब्ध करवाई गई है।

अपील अधिकारी एवं जिला कलक्टर

RajKaj Ref No.: 21961975
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.04 11:21:45 IST
Reason: Approved

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख अनुभाग, उदयपुर द्वारा अपीलार्थी को वांछित सूचना आरटीआई पोर्टल पर जरिये outward no. 7414355591 दिनांक 01.12.2025 से प्रेषित की जा चुकी है। परन्तु अपीलार्थी का कथन है कि सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है। प्रकरण के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

अतः अपील अपीलार्थी आंशिक स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गिर्वा व प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख अनुभाग, उदयपुर को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचनाएं जो कार्यालय में उपलब्ध हो एवं पूर्व में उपलब्ध नहीं करवाई गई हो तो नियमानुसार अपीलार्थी को उपलब्ध करावे।

निर्णय की प्रति सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गिर्वा व प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख अनुभाग, उदयपुर को पालनार्थ एवं अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित की जावें।

पत्रावली फैसल शुमार हो, बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.04 11:21:45 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21961975
M e-Sign